देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 182 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...खुशी और डर



देहरादून, बुधवार, 21 अक्टूबर 2020

# पेज थ्री



मौसम अधिकतम 31.0° न्यूनतम 21.0°

37244.59

2 पाक ने कश्मीर के लिए रची साजिश

7 श्रीकांत का महेंद्र सिंह धोनी पर निशाना

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार की चुनावी रैलियों में गरजे सीएम योगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पटना। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए मंगलवार को कैमूर, अरवल तथा रोहतास के विक्रमगंज में तीन रैलियां कीं। इन रैलियों में उन्होंने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं तथा बताया कि केंद्र में नरेंद्र मोदी की तरह ही बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विकास कर रहे हैं। कहा कि छबल इंजन की सरकार बेहतर काम कर रही है। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल व कांग्रेस की पूर्ववर्ती शासन पर जमकर कटाक्ष किए।

### पुलवामा मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। दक्षिण कश्मीर के जिला पुलवामा के हाकरीपोरा इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच जारी मुठभेड़ में अब तक दो आतंकी मार गिराए गए हैं। सुरक्षाबलों को इलाके में दो से तीन आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। दो आतंकियों के मारे जाने के बाद क्षेत्र में और आतंकी मौजूद है या नहीं, इसकी पुष्टि करने के लिए सुरक्षाबलों ने इलाके में अभियान जारी रखा हुआ है। कश्मीर घाटी में दो दिनों के भीतर यह तीसरी मुठभेड़ है और सुरक्षाबलों ने अब तक चार आतंकी ढेर कर दिए हैं।

### पंजाब विधानसभा में कृषि बिलों के खिलाफ 4 विधेयक पारित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

चंडीगढ़। पंजाब की विधानसभा में केंद्र सरकार के नए कृषि बिलों के खिलाफ पेश किए गए विधेयक पारित हो गए हैं। विधानसभा ने मंगलवार को चार विधेयक सर्वसम्मति से पारित करने के साथ ही केंद्र के कृषि संबंधी कानूनों के खिलाफ एक प्रस्ताव भी पारित किया। ये विधेयक पांच घंटे से अधिक समय की चर्चा के बाद पारित किए गए। मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह केंद्र द्वारा पारित कृषि कानूनों के खिलाफ विधेयकों को लेकर राज्यपाल वी पी सिंह बदनोर से मुलाकात करने पहुंचे।

# लॉकडाउन गया है, वायरस नहीं

## राष्ट्र के नाम संबोधन में पीएम मोदी ने कोरोना के लेकर देशवासियों को फिर चेताया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी मंगलवार शाम को देशवासियों को संबोधित किया। कोरोना संकट के बीच पीएम मोदी अब तक लोगों से कई बार ऐसे रूबरू हो चुके हैं, जिसमें कई बड़े ऐलान किए गए हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के संबोधन को लेकर कई कयास भी लगाए जा रहे थे, जिनमें आने वाले त्योहारों से पहले लोगों के लिए सावधान करने सहित लोगों से नियमों का पालन करने की अपील की गई। इसमें कोरोना वैक्सीन को लेकर जानकारी दी।

**वैक्सीन के लिए जी-जान से जुटे हैं वैज्ञानिकः** पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि बरसों बाद हम ऐसा होता देख रहे हैं कि मानवता को बचाने के लिए युद्धस्तर पर काम हो रहा है। अनेक देश इसके लिए काम कर रहे हैं। हमारे देश के वैज्ञानिक भी वैक्ध्सीन के लिए



जी—जान से जुटे हैं। भारत में अभी कोरोना की कई वैक्सीन्स पर काम चल रहा है। इनमें से कुछ एडवान्स स्टेज पर हैं। कोरोना की वेक्सीन जब भी आएगी, वो जल्द से जल्द प्रत्येक भारतीय तक कैसे पहुंचे इसके लिए भी सरकार की तैयारी जारी है।

**अमेरिका, यूरोप में फिर बढ़ रहे हैं मामलेः** पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि अगर आप लापरवाही बरत रहे हैं, बिना मास्क के बाहर निकल रहे हैं, तो आप अपने आप को, अपने परिवार को, अपने परिवार के बच्चों को, बुजुर्गों को उतने ही बड़े संकट में डाल रहे हैं। आप ध्यान रखिए, आज अमेरिका हो, या फिर यूरोप के दूसरे देश, इन देशों में कोरोना के मामले कम हो रहे थे, लेकिन अचानक से फिर बढ़ने लगे। जब तक इस महामारी की वैक्सीन नहीं आ जाती, हमें कोरोना से अपनी लड़ाई को कमजोर नहीं पड़ने देना है।

**लॉकडाउन भले चला गया हो, वायरस नहीं गयाः** पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि लेकिन हमें ये भूलना नहीं है कि लॉकडाउन भले चला गया हो, वायरस नहीं गया है। बीते 7—8 महीनों में, प्रत्येक भारतीय के प्रयास से, भारत आज जिस संभली हुई स्थिति में हैं, हमें उसे बिगड़ने नहीं देना है।

**तेजी से बढ़ रही हैं आर्थिक गतिविधियांः** पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि कोरोना के खिलाफ लड़ाई में जनता कर्फ्यू से लेकर आज तक हम भारतवासियों ने बहुत लंबा सफर तय किया है। समय के साथ आर्थिक गतिविधियां भी तेजी से बढ़ रही हैं। त्योहारों के इस मौसम में बाजारों में भी रौनक धीरे—धीरे लौट रही है।

### ये समय लापरवाह होने का नहीं

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि सेवा परमो धमर्रू के मंत्र पर चलते हुए हमारे डॉक्टर्स,नर्स, हेल्थ वर्कर्स इतनी बड़ी आबादी की निस्वार्थ सेवा कर रहे हैं। इन सभी प्रयासों के बीच, ये समय लापरवाह होने का नहीं है। ये समय ये मान लेने का नहीं है कि कोरोना चला गया, या फिर अब कोरोना से कोई खतरा नहीं है। हाल के दिनों में हम सबने बहुत सी तस्वीरें, वीडियो देखे हैं जिनमें साफ दिखता है कि कई लोगों ने अब सावधानी बरतना बंद कर दिया है। ये ठीक नहीं है।

### दो गज की दूरी, हाथ धुलना जरुरी

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि याद रखिए, जब तक दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं। एक कठिन समय से निकलकर हम आगे बढ़ रहे हैं,थोड़ी सी लापरवाही हमारी गति को रोक सकती है, हमारी खुशियों को धूमिल कर सकती है। जीवन की जिम्मेदारियों को निभाना और सतर्कता ये दोनो साथ साथ चलेंगे तभी जीवन में खुशियाँ बनी रहेंगी। दो गज की दूरी,समय—समय पर साबुन से हाथ धुलना और मास्क का ध्यान रखिए।

# चिट्ठी विवाद में घिरे भगत सिंह कोश्यारी की दोहरी मुश्किल

## उत्तराखंड हाई कोर्ट ने नोटिस जारी कर 4 हफ्ते के भीतर जवाब दाखिल करने के निर्देश

**संवाददाता**

मुंबई। महाराष्ट्र में मंदिर खोलने को लेकर हुए चिट्ठी विवाद में घिरे राज्यपाल और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी के सामने नई मुश्किल खड़ी हो गई है। महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी के खिलाफ कोर्ट की अवमानना का नोटिस जारी किया गया है। मंगलवार को उत्तराखंड हाई कोर्ट ने यह नोटिस जारी कर कोश्यारी को 4 हफ्ते के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा है। शरद कुमार शर्मा की पीठ ने एक एनजीओ की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह नोटिस जारी किया है।

पिछले सप्ताह महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने सीएम उद्धव ठाकरे को चिट्ठी लिखकर राज्य में कोरोना की वजह से बंद पड़े धर्मस्थलों को खुलवाने का अनुरोध किया था। राज्यपाल ने तंज कसते हुए पूछा है कि क्या उद्धव को ईश्वर की ओर से कोई चेतावनी मिली है कि धर्मस्थलों को दोबारा खोले जाने को टालते रहा जाए या फिर वह सेक्युलर हो गए हैं।

**कोर्ट ने पूछा- पूर्व मुख्यमंत्री कोश्यारी के खिलाफ मुकदमा क्यों न दर्ज कराया जाए?**

रूलक ने ही कोश्यारी की ओर से बकाया राशि जमा न करने पर अवमानना की याचिका डाली थी। इस पर कोर्ट ने राज्य सरकार से भी पूछा है कि आदेश की अनुपालना क्यों नहीं की गई और इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री कोश्यारी के खिलाफ मुकदमा क्यों न दर्ज कराया जाए?

**राज्यपाल को दिया जा सकता है अवमानना का नोटिस?:** राज्यपाल और राष्ट्रपति के खिलाफ अवमानना की याचिका दायर करने से दो महीने पहले उन्हें सूचना देना जरूरी होता है। कोश्यारी पर आवास तथा अन्य सुविधाओं का 47 लाख से ज्यादा की राशि बकाया है।

### रूलक ने दायर की थी याचिका

रूरल लिटिगेशन एंड एंटाइटेलमेंट केंद्र (रूलक) ने मामले में उत्तराखंड हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। इस याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने पिछले साल पूर्व मुख्यमंत्रियों से सरकारी आवास तथा अन्य सुविधाओं के एवज में बकाया किराया 6 महीने के भीतर जमा करने का आदेश दिया था। कोश्यारी ने कोर्ट के आदेश के मुताबिक, अपना बकाया किराया जमा नहीं किया, जिस वजह से मंगलवार को कोर्ट ने उनके खिलाफ नोटिस जारी किया है।

# आइटम वाले बयान पर कमलनाथ पर राहुल बरसे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वायनाड। मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम कमलनाथ के बीजेपी नेता इमरती देवी को लेकर अपमानजनक शब्द बोलने पर मामला गर्माया हुआ है। वहीं अब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और वायनाड से सांसद राहुल गांधी ने भी कमलनाथ की आलोचना की है। राहुल ने कहा कि जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल कमलनाथ ने किया, वह उन्हें बिल्कुल पसंद नहीं। राहुल ने इस वाकये को दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

वायनाड में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राहुल गांधी से जब कमलनाथ के आपत्तिजनक बयान पर प्रतिक्रिया मांगी गई तो उन्होंने कहा, श्कमलनाथ मेरी पार्टी के हैं, लेकिन व्यक्तिगत रूप से, मुझे उस प्रकार की भाषा पसंद नहीं है जिसका उन्होंने इस्तेमाल किया। मैं इसकी सराहना नहीं करता, चाहे वह कोई भी हो। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

राहुल गांधी ने आगे कहा, सामान्य तौर पर, मुझे लगता देश में महिलाओं के प्रति हर स्तर पर हमारे व्यवहार को सुधार की जरूरत है। चाहे वह लॉ ऐंड ऑर्डर हो, बेसिक रेस्पेक्ट हो, सरकार, बिजनस या किसी दूसरी फील्ड उनके स्पेस को लेकर हो। हमारी महिलाएं हमारा गौरव हैं और उनकी रक्षा होनी चाहिए।

### फटकार

■मुझे ऐसी भाषा कतई पसंद नहीं, यह दुर्भाग्यपूर्ण है

### पीएम पर हमला बोला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोबोधन से पहले पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रतिक्रिया दी है। राहुल गांधी ने पीएम पर निशाना साधा है। राहुल गांधी ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री से सुनना चाहूंगा कि चीन भारतीय क्षेत्र को कब छोड़ेगा। लेकिन मैं आपको इस बात की गारंटी देता हूं कि प्रधानमंत्री में ये बताने की हिम्मत नहीं होगी, प्रधानमंत्री चीन के बारे में एक शब्द नहीं बोलेंगे।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# देश में कोरोना पर 2-2 गुड न्यूज

### एक्टिव केस 7.5 लाख से भी नीचे और पूरे विश्व से डेथ रेट भी कम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस के खिलाफ चल रही जंग में सफलता मिलती हुई दिख रही है। सरकार और आम लोगों के सहयोग से इस घातक बीमारी को कुछ हद तक रोकने में सफल हुए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि भारत में रिकवरी रेट पूरे विश्व में सबसे बेहतर और यहां पर कोरोना से होने वाली मौतों का आंकड़ा भी कम है।

**भारत में अब एक्टिव केस 7.5 लाख से भी नीचेः** स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि भारत में रिकवर मामलों की संख्या 67 लाख से अधिक हो गई है। जो किसी भी देश में सबसे अधिक संख्या है। उन्होंने कहा कि हमने अब तक 9 करोड़ 60 लाख टेस्ट किए हैं, ये विश्व की दूसरी सबसे बड़ी संख्या है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के सचिव राजेश भूषण ने कहा कि प्रति 10 लाख जनसंख्या पर भारत में मृत्यु दर 83 है, हम विश्व में सबसे कम मृत्यु दर वाले देशों में हैं। विश्व की औसत मृत्यु दर 142 है। उन्होंने आगे कहा कि सक्रिय मामलों में लगातार गिरावट दर्ज की गई है।